अनुक्रमांक ....................................  समय : 1.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2019
## (शान्ति शिक्षा एवं सतत् विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नांकित में कौन शान्ति अभिवृत्ति नहीं है? **(1)**

(A) अहिंसा एवं करुणा  (B) न्याय
(C) मस्तिष्क का खुलापन  (D) हिंसा एवं विवाद

**2.** शान्ति कौशलों का आधार है- **(1)**

(A) तनाव व दबाव  (B) सृजनात्मकता
(C) संवेगात्मक अस्थिरता  (D) संकीर्ण विचार।

**3.** किसी को हानि पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया व्यवहार कहा जाता है- **(1)**

(A) आक्रामकता  (B) अमित्रवत् व्यवहार
(C) विघटित व्यवहार  (D) भ्रष्टाचार।

**4.** भावात्मक एकता समिति (1961) के अध्यक्ष थे- **(1)**

(A) डॉ. जाकिर हुसैन  (B) इन्दिरा गाँधी
(C) डॉ. पूर्णानन्द  (D) डॉ. सम्पूर्णानन्द।

**5.** 'योग दर्शन' के प्रणेता हैं- **(1)**

(A) पतंजलि  (B) शंकराचार्य
(C) अरविन्द घोष  (D) मनु।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** चरित्र का निर्माण करने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए **(1)**

**7.** तनाव कम करने के किन्ही दो अप्रत्यक्ष विधियों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**8.** मानवाधिकार शिक्षा के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**9.** प्रभावी शान्ति निर्माता बनाने हेतु विद्यार्थियों में कौन-से वैयक्तिक कौशल विकसित किया जाना चाहिए? **(1)**

**10.** प्राणायाम से क्या अभिप्राय है? लिखिए। **(1)**

**11.** एस.डी.जी. (S.D.G.) का पूरा नाम लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** व्यवहारवाद की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** वैश्विक दृष्टि से शान्ति शिक्षा की आवश्यकता सिद्ध कीजिए। **(2)**

**14.** मीडिया और हिंसा में क्या सम्बन्ध है? लिखिए। **(2)**

**15.** महात्मा गाँधी ने शान्ति की स्थापना हेतु किस प्रकार के आचरण पर बल दिया? लिखिए। **(2)**

**16.** बच्चे के विकास में साथी-समूह की भूमिका स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**17.** स्नायु विकृति से सम्बन्धित कार्य व्यवहार पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**18.** साइबर बुलिंग से आप क्या समझते हो? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/shanti-shiksha-evam-satat-vikas/2019

2. शान्ति शिक्षा एवं सतत् विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/shanti-shiksha-evam-satat-vikas/

3. शान्ति शिक्षा एवं सतत् विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/shanti-shiksha-evam-satat-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN